BC TRANSPLANT
Provincial Health Services Authority

# टैक्रोलिमअस(TACROLIMUS[TAK-ROW-LIM-US])

BC में, ट्रांस्प्लांट कराने वाले लोगों के लिए टैक्रोलिमअस के चार ब्रांड उपलब्ध हैं। आपके ट्रांस्प्लांट किए गए अंग को शरीर द्वारा अस्वीकृत किए जाने से रोकने हेतु, टैक्रोलिमअस आपके शरीर की प्रतिरक्षा-प्रणाली को कम करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा है।

- **It is very important to keep track of the brand of tacrolimus you're taking. Do not change brands of tacrolimus unless your transplant team has discussed the change with you.** यदि आपको अस्पताल जाना पड़ता है, तो दवाओं की अपनी घरेलू सप्लाई अपने साथ लाएं।

## प्रोग्रैफ़®(Prograf®) – टैक्रोलिमअस दिन में दो बार लेनी चाहिए

| प्रोग्रैफ़ 0.5 मिग्रा | प्रोग्रैफ़ 1 मिग्रा | प्रोग्रैफ़ 5 मिग्रा |
|---|---|---|
|  (हल्का पीला कैप्सूल) |  (सफेद कैप्सूल) |  (गुलाबी कैप्सूल) |

## सैंडोज़ टैक्रोलिमअस® (Sandoz tacrolimus®)– टैक्रोलिमअस दिन में दो बार लेनी चाहिए

| सैंडोज़ टैक्रोलिमअस 0.5 मिग्रा | सैंडोज़ टैक्रोलिमअस 1 मिग्रा | सैंडोज़ टैक्रोलिमअस 5 मिग्रा |
|---|---|---|
|  (हल्का पीला कैप्सूल) |  (सफेद कैप्सूल) |  (गुलाबी कैप्सूल) |

## एडवाग्रैफ़®(Advagraf®)– अधिक समय तक प्रभावी टैक्रोलिमअस दिन में एक बार लेनी चाहिए

| एडवाग्रैफ़ 0.5 मिग्रा | एडवाग्रैफ़ 1 मिग्रा | एडवाग्रैफ़ 3 मिग्रा | एडवाग्रैफ़ 5 मिग्रा |
|---|---|---|---|
|  (संतरी- हल्का पीला कैप्सूल) |  (संतरी- सफेद कैप्सूल) |  (संतरी- संतरी कैप्सूल) |  (संतरी- गुलाबी कैप्सूल) |

## एनवार्सिस PA® (Envarsus PA®)- अधिक समय तक प्रभावी टैक्रोलिमअस दिन में एक बार लेनी चाहिए

| एनवार्सिस PA 0.75 मिग्रा | एनवार्सिस PA 1 मिग्रा | एनवार्सिस PA 4 मिग्रा |
|---|---|---|
|   (सफेद गोली) |   (सफेद गोली) |   (सफेद गोली) |

## मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

अपने शरीर में स्थिर मात्रा (दवा का स्तर) बनाए रखने के लिए अपनी दवाएं रोज़ाना एक ही समय पर लेना बहुत ज़रूरी है।

| | | |
|---|---|---|
| | **प्रोग्रैफ़**: यह दवा **हर 12 घंटे** में लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे और रात 9 बजे) | आपकी दवा के समय: ____________________ |
| | **सैंडोज़ टैक्रोलिमअस**: यह दवा **हर 12 घंटे** में लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे और रात 9 बजे) | आपकी दवा के समय:____________________ |
| | **एडवाग्रैफ़**: यह दवा **दिन में एक बार** लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे) | आपकी दवा का समय: ____________________ |
| | **एनवार्सिस PA**: यह दवा **दिन में एक बार** लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे) | आपकी दवा का समय: ____________________ |

- अपने पेट की गड़बड़ी कम करने के लिए **भोजन के साथ** टैक्रोलिमअस लेनी चाहिए, लेकिन यदि आप चाहें तो ख़ाली पेट भी ले सकते हैं। एक सा नियम अपनाएं, यदि आप इसे भोजन के साथ लेते हैं, तो इसे हमेशा भोजन के साथ लें; यदि आप इसे ख़ाली पेट लेते हैं, तो इसे हमेशा खाली पेट ही लें।
- गंभीर परस्पर प्रभाव पड़ने के कारण, इस दवा पर होते हुए चकोतरा या पोमैलो या सेविल ऑरेंज फल/जूस खाने/पीने से बचें।
- यदि आपको किसी प्रक्रिया या ऑपरेशन के लिए जाने की ज़रूरत है, तो आपको (उपवास) से पहले कुछ भी नहीं खाना चाहिए, इसलिए आपको अभी भी अपने नियमित समय पर पानी के साथ अपनी ट्रांस्पलांट की दवाएं ज़रूर लेनी चाहिएं।

***Remember:** if you are asked to get tacrolimus level done, do NOT take your morning dose before your blood work. Try to schedule your bloodwork around the time that you are due to take your medication. Bring your dose to the clinic or lab so you can take it after the blood work is done.*

**छूटी हुई ख़ुराक या उल्टी द्वारा निकली ख़ुराक(Missed Dose or Vomited Dose):**

**यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है,** जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

यदि आपकी एंटी-रिजैक्शन दवाएं **1 दिन से अधिक समय तक छूट गई हैं,** तो आगे के निर्देश के लिए फ़ौरन अपनी ट्रास्प्लांट टीम से संपर्क करें।

**यदि** ख़ुराक लेने के 30 मिनट के भीतर **आपको उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लें।

**इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)**

| *दुष्प्रभाव* | प्रबंधन |
|---|---|
| *कंपन, कंपकंपाहट, सिर-दर्द, दौरे* | इन दुष्प्रभावों की मौजूदगी टैक्रोलिमअस के उच्च स्तरों का संकेत हो सकती है। इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *उच्च ब्लड-प्रैशर* | अपने ब्लड-प्रैशर की नियमित तौर पर जांच करें। आपको ब्लड प्रैशर की दवाओं की ज़रूरत पड़ सकती है। अधिक नमक या सोडियम वाले भोजन से बचें। |
| *ख़ून में उच्च-शर्करा* | ख़ून में शर्करा की निगरानी की जाएगी और ख़ून में उच्च शर्करा के इलाज की ज़रूरत पड़ सकती है। किसी भी प्रकार से हाथ या पैर सुन्न होने या झनझनाहट होने, प्यास बढ़ने, मुंह सूखने, आपकी सांसों में फलों की गंध या पेशाब करने में वृद्धि होने के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं। यदि आप मधुमेह से पीड़ित हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप नियमित रूप से अपनी शर्करा की निगरानी करते हैं और बताए गए अनुसार मधुमेह की अपनी दवाएं लेते हैं। |
| *छाती में जलन, मतली, उल्टी, दस्त* | यदि यह बहुत परेशान करने वाले हैं या बने रहते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *मूड में बदलाव, अवसाद, भ्रम, सोने में कठिनाई, असामान्य सपने* | यदि यह बहुत परेशान करने वाले हैं या बने रहते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *बाल पतले होना या झड़ना* | इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *टैक्रोलिमअस द्वारा आपके शरीर की बीमारी या चोट को ठीक करने की क्षमता कमज़ोर हो जाती है* | अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को संक्रमण के संकेतों (बुख़ार, कंपकंपी, दिल की तेज़ गति, ज़ुकाम और फ़्लू) के बारे में बताएं। सक्रिय संक्रमण वाले लोगों के नज़दीकी संपर्क में आने से बचने की कोशिश करें। बार बार हाथ धोएं। |
| *किडनी की कार्यक्षमता में कमी होना* | टैक्रोलिमअस के उच्च स्तर आपकी किडनी की कार्यक्षमता को कम कर सकते हैं। आपके टैक्रोलिमअस के स्तर की बढ़िया ढंग से निगरानी की जाएगी और ख़ुराक को आवश्यकतानुसार ठीक किया जाएगा। यदि आप अपने पेशाब या पेशाब की मात्रा में कोई बदलाव देखते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *पोटैशियम का उच्च स्तर* | आपके पोटैशियम के स्तर की निगरानी की जाएगी। मांसपेशियों की किसी भी कमजोरी, आपके शरीर के प्रभावित अंग सुन्न होना या दिल की अनियमित धड़कन के बारे में फ़ौरन अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। |

| | |
|---|---|
| ***कैंसर*** | यह दवा लेने से त्वचा और अन्य कैंसरों के प्रति आपके ख़तरे बढ़ सकते हैं। यदि आपका कैंसर का रोग-निदान हुआ है, तो कृपया अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया "कैंसर संबंधी जोखिम" भाग देखें। |

## <u>(वॉलट कार्ड):</u>

✂

**BC TRANSPLANT अधिक समय तक प्रभावी टैक्रोलिमअस**

आपको दी गई दवा है:

एडवाग्रैफ़ (टैक्रोलिमअस) ☐

एनवार्सिस PA (टैक्रोलिमअस) ☐

- अधिक समय तक प्रभावी टैक्रोलिमअस के उसी ब्रांड को लेते रहना बहुत महत्वपूर्ण है।
- अपने ट्रांस्प्लांट क्लिनिक की निगरानी के बिना कोई अन्य ब्रांड लेने से अंग के रिजैक्शन (अस्वीकृति) और/या दुष्प्रभावों में वृद्धि हो सकती है।

**Advagraf® – LONG ACTING tacrolimus taken ONCE a day**

| Advagraf 0.5 mg | Advagraf 1 mg | Advagraf 3 mg | Advagraf 5 mg |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| (orange- light yellow capsule) | (orange- white capsule) | (orange- orange capsule) | (orange- pink capsule) |

**Envarsus PA® - LONG ACTING tacrolimus taken ONCE a day**

| Envarsus PA 0.75 mg | Envarsus PA 1 mg | Envarsus PA 4 mg |
|---|---|---|
|  |  |  |
| (white tablet) | (white tablet) | (white tablet) |

- यह कार्ड हमेशा साथ रखें और आपकी मैडिकल देखभाल में शामिल किसी भी व्यक्ति (डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट) को यह दिखाएं
- जब तक आपका ट्रांस्प्लांट क्लिनिक ऐसा करने के लिए न कहे, ट्रांस्प्लांट की अपनी दवाएं लेना बंद न करें।
- अपनी दवाओं के बारे में यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो अपने ट्रांस्प्लांट क्लिनिक को कॉल करें।

✂